डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)
(Accredited Grade A+ by NAAC)

पत्रांकः ग्रा0/197...../2026 दिनांक 12/0...../2026

अधिसूचना

एतद्द्वारा समस्त विधि महाविद्यालयों (जनपद–आगरा, मथुरा, मैनपुरी एवं फिरोजाबाद) के संबंधित छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सत्र 2025–26 की एल0एल0बी0 प्रथम वर्ष की छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षा, जो दिनांक 13.10.2026 को प्रातः 10:00 बजे से नोडल परीक्षा केन्द्र, आगरा कॉलेज, आगरा (विधि संकाय) पर आयोजित होनी थी, अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाती है।

एल0एल0बी0 द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा बी0ए0एल0एल0बी0 तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम वर्ष, सत्र 2025–26 की छूटी हुई प्रयोगात्मक/मौखिकी परीक्षाएँ दिनांक 13.10.2026 को प्रातः 10:00 बजे से नोडल परीक्षा केन्द्र, आगरा कॉलेज, आगरा (विधि संकाय) पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोजित की जाएँगी।

अतः संबंधित समस्त छात्र–छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि जिन छात्र–छात्राओं ने उक्त परीक्षा हेतु आवेदन–पत्र पूर्ण कर दिया है, वे निर्धारित दिनांक एवं समय पर परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

12/10/26

for परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध विधि महाविद्यालय, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना से छात्रों को अवगत कराते हुए छात्र–छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र समयान्तर्गत पूरित कराने का कष्ट करें।
2. प्राचार्य, आगरा कालेज, आगरा को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त परीक्षा को शुचितापूर्वक सम्पन्न कराने का कष्ट करें।
3. प्रभारी, कुलपति सचिवालय को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
4. प्रभारी, कुलसचिव कार्यालय को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
5. प्रो0 मनु प्रताप सिंह, नोडल अधिकारी/समन्वयक (समर्थ)।
6. सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय।
7. विश्वविद्यालय जनसम्पर्क अधिकारी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को दैनिक समाचार पत्रों के सभी संस्करणों में विशेष स्थान दिलाते हुए, छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
8. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
9. एजेन्सी 2025–26 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय के लागईन आई0डी0 पर आज ही अपलोड करें।
10. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक